<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

हिन्दुस्तान कॉलेज के छात्रों ने जीता नार्थ इंडिया चैम्पीयनशिप में स्वर्ण पदक

<u>प्रवीन श्रीवास्तव, अमन सिंह, फैसल सिद्दकी और महेश कुमार ने 8वीं चैम्पियनशिप मथुरा में स्वर्ण प्राप्त करके नेशनल चैम्पियनशिप में चयन पाया</u>

शारदा ग्रुप के फरह स्थित प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज आफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के छात्रों प्रवीन श्रीवास्तव, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, मोहम्मद फैजल सिद्धकी, तृतीय वर्ष, मैकेनिकल ब्रान्च, अमन सिंह, मकैनिकल ब्रांच और महेश कुमार, तृतीय वर्ष, इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रान्च के सभी चारों छात्रों ने 8वीं नॉर्थ इंडिया ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है तथा ताइक्वांडो संघ द्वारा छात्रों को स्वर्ण पदक व विजेता ट्रॉफी भी प्रदान की गयी।

संस्थान में शारदा ताइक्वांडो एसोशियेशन डॉ. हरेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में चल रहा है। श्री हरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता ताइक्वांडो बोर्ड ऑफ इण्डिया द्वारा हर साल देश के विभिन्न विभिन्न राज्यों में कराई जाती है। प्रत्येक वर्ष हमारे संस्थान के छात्र स्पर्ण पदक प्राप्त करते हैं। इस बार यह उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आयोजित की गयी थी। जिसमें छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण अपने नाम किया। श्री हरेन्द्र सिंह ने सभी विजेता छात्रों को बधाई और बहुत–बहुत शुभकामनऐं दी।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने विजयी छात्रों से मिलकर उन्हें बधाई दी तथा इसी प्रकार भविष्य में भी संस्थान का नाम रोशन करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने

बताया कि उक्त चारों छात्र संस्थान में चल रहे शारदा ताइक्वांडो संघ के सदस्य भी हैं। यह संस्थान के लिए बड़े गौरव का विषय है। इस बढ़ी उपलब्धि के लिए छात्रों के साथ–साथ उनके मार्गदर्शक शिक्षक एवं विभाग का सहयोग भी सराहनीय है।

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी. के. शर्मा ने छात्रों की इस कामयावी पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान युग में पढ़ाई के साथ साथ दूसरे क्षेत्रों में भी प्रतिभाग करना आवश्यक है। हमारे संस्थान में छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग किया जाता है जिसके फलस्वरुप छात्र दिमागी तौर पर सशक्त तो होते ही हैं शारीरिक तौर पर भी मजबूत होते हैं।

इस अवसर पर संस्थान डीन अकेडिमिक प्रो. पी. एस. जोसन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री संदीप अग्रवाल, डीन आर एण्ड डी डॉ. एम.एस. गौर, संस्थान के समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने इन विजयी छात्रों को बधाई दी तथा हर्ष व्यक्त करते नजर आये।

पी. के. शर्मा
मीडिया प्रभारी